भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 826
दिनांक 26 जुलाई, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

बक्सर में कैंसर संस्थान की स्थापना

826. श्री सुधाकर सिंह:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बक्सर संसदीय क्षेत्र में आर्सेनिक से संदूषित पानी पीने के कारण कैंसर के मामले सामने आए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या आवश्यक कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या सरकार को बक्सर में कैंसर के इलाज के लिए संस्थान स्थापित करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या आवश्यक कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): आईसीएमआर राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के अनुसार, बिहार राज्य में विगत तीन वर्षों- 2020, 2021 और 2022 में कैंसर के मामलों की अनुमानित संख्या निम्नवत विवरण के अनुसार है;

बिहार में कैंसर के मामलों की अनुमानित संख्या(2020-2022)			
राज्य	2020	2021	2022
बिहार	103711	106435	109274

आईसीएमआर ने सूचित किया है कि बक्सर में उनके पास कैंसर रजिस्ट्री नहीं है। इसलिए इस संबंध में कोई डाटा उपलब्ध नहीं है।

(ग) और (घ): बक्सर में कैंसर संस्थान की स्थापना हेतु बिहार सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

******